# कार्यालय–निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

**क्रमांक :–शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/सी/इन्सपायर अवार्ड/2023–24–06851 दिनांक : यथा हस्ताक्षर**

**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)**

**विषय :–** इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना 2023–24की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी आयोजन के सम्बध में दिशानिर्देश।

**प्रसंगः–** राष्ट्रीय नवप्रवर्तन संस्थान(एनआईएफ) का ई मेल दिनांक 21.04.2025।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम में वर्ष 2023–24 की INSPIRE AWARDS-MANAK SCHEME (Million Minds Augmenting National Aspiration and Knowledge)की राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (SLEPC) का आयोजन **जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक, उदयपुर द्वारा दिनांक 12.05.2025 से 14.05.2025** तक किया जाएगा। राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (SLEPC) हेतु 320 चयनित विद्यार्थियों की सूची पत्र के साथ संलग्न है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की इंस्पायर अवार्ड–मानक योजना के अन्तर्गत सत्र 2023–24 में आयोज्य इंस्पायर अवार्ड SLEPCहेतु निम्नांकित निर्देश जारी किए जाते हैं :–

1. **संस्था प्रधान हेतु** :–

- अपने विद्यालय के विद्यार्थी जिनका चयन राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता (SLEPC) के लिए हुआ है उन विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से उक्त प्रदर्शनी में भाग लेना सुनिश्चित करावें।

2. **जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक/प्रारंभिक (मुख्यालय) हेतु** :–

- चयनित 320 विद्यार्थियों की संलग्न सूची में से अपने जिले के चयनित विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (SLEPC) में भाग लिया जाना सुनिश्चित करने के लिए संस्था प्रधानों को पाबंद करें।
- समस्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक/प्रारंभिक (मुख्यालय) एवं उनके अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शैक्षिक प्रकोष्ठ की व्यक्तिशः जिम्मेदारी रहेगी की वे अपने जिले के राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित विद्यार्थियों को अनिवार्यत निर्धारित स्थल पर समूह के रूप में प्रभारी अध्यापक/अध्यापिका को नियुक्त करते हुए उनके साथ भिजवाना सुनिश्चित करेंगें।

3. **जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक (मुख्यालय) उदयपुर हेतु**:–

- राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी के लिए आयोजन समिति का गठनः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय), उदयपुर | संयोजक |
| 2. | जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक, (मुख्यालय), उदयपुर | सदस्य |
| 3. | सहायक निदेशक कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी उदयपुर | सदस्य |
| 4. | अति. जिला शिक्षाअधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय) शैक्षिक प्रकोष्ठ उदयपुर | सदस्य सचिव |
| 5. | जिला शिक्षा कार्यालय उदयपुर में लेखा का वरिष्ठतम अधिकारी | सदस्य |
| 6. | आयोजक विद्यालय का प्रधानाचार्य | सदस्य |

- राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता (SLEPC) का आयोजन दिनांक 12.05.2025 से 14.05.2025 तक जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, मुख्यालय, उदयपुर द्वारा किया जाना है। कार्यक्रम संयोजक द्वारा उक्त कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर ऐसे प्रतिष्ठित विद्यालय में आयोजित किया जाए जिसमें प्रदर्शनी आयोजन हेतु पर्याप्त बड़ा हॉल, बड़े कमरे हों, एवं जहां टैन्ट आदि लगाने की आवश्यकता पड़े तो पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो। गर्मी को देखते हुए पर्याप्त कूलर, शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था हो। अन्य सुविधाएं यथा स्वच्छ पानी, स्नानागार, शौचालय, प्रतिभागियों के ठहरने–सोने आदि की उचित व्यवस्था हो, जो शहर के मध्य में प्रमुख स्थल पर स्थित हो जहां आसानी से पहुंचा जा सके। **राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी हेतु तय किए गए विद्यालय की सूचना 02 दिवस में अग्रांकित प्रारूप में इस कार्यालय एवं समस्त जिलों को अनिवार्यतः देवें**।

**आयोजन स्थल की सूचना**

| क्रं.सं. | प्रदर्शनी आयोजन केन्द्र /विद्यालय का पूरा नाम व पता/ई–मेल पता मय संस्था के दूरभाष/मो.नं. | संस्था प्रधान का पूरा नाम व मोबाईल नं/ ई–मेल पता |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | | |

- राज्य स्तरीय इंसपायर अवार्ड प्रदर्शनी में 2 ज्यूरी दल गठित किए जाएगें । प्रत्येक जूरी दल में आयोजन समिति द्वारा 2 ज्यूरी सदस्य मनोनीत किए जाएगें जो विज्ञान संकाय से संबंधित प्राचार्य/उप–प्राचार्य पद या उससे उच्च पद पर हो। मनोनीत ज्यूरी सदस्यों की सूचना अग्रांकित प्रारूप में 3 दिवस में अनिवार्यतः इस कार्यालय को भेजें। ज्यूरी सदस्यों में एन.आई.एफ. (नेशनल इनोवेशन फाउण्डेशन) के 02 वैज्ञानिक भी सम्मिलित होंगें। अतः उन्हें प्रदर्शनी में यथोचित स्थान प्रदान करने की जिम्मेदारी आयोजन समिति की रहेगी।

**जूरी सदस्यों की सूचना**

| क्रं.सं. | जूरी सदस्य का नाम व पदनाम | जूरी सदस्य का पदस्थापन स्थान | जूरी सदस्य का पूरा पता व मोबाईल नं/ ई–मेल पता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |

- राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी (SLEPC) के सम्पन्न हो जाने के पश्चात् राज्य स्तर पर भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी विद्यार्थी का विवरण, उनकी उपस्थिति रजिस्टर की फोटो प्रति एवं उनके द्वारा बनाए गए मॉडल एवं समेकित प्रदर्शनी के फोटोग्राफ तथा विडियोग्राफी सहित निम्नांकित प्रारूप मे इस कार्यालय को प्रतियोगिता समापन के 03 दिवस में उपलब्ध करवाएंगे।

## राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थी

| क्र. सं. | विद्यार्थी का नाम एवं पिता का नाम | कक्षा | विद्यालय का नाम /पूरा पता मय ई–मेल पता/ मोबाईल नं | आईडिया/ मॉडल का संक्षिप्त विवरण | विद्यार्थी के साथ विद्यालय से आए शिक्षक/ शिक्षिका का नाम | विद्यार्थी के मोबाईल नं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

- राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कुल प्रतिभागियों में से एन.आई.एफ. के वैज्ञानिकों एवं जूरी सदस्यों द्वारा सर्वश्रेष्ठ चयनित सम्भागी राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेगें। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय, उदयपुर द्वारा राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी के सम्पन्न हो जाने के पश्चात् चयनित विद्यार्थियों की सूची निम्न प्रारूप में आईडिया/मॉडल का संक्षिप्त विवरण, प्रत्येक छात्र की दो रंगीन फोटो एवं प्रस्तुत आईडिया/मॉडल का रंगीन फोटो इस कार्यालय को 03 दिवस में उपलब्ध करवाएंगे।

## राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी(NLEPC) हेतु चयनित विद्यार्थियों का विवरण

| क्र. सं. | विद्यार्थी का नाम एवं पिता का नाम | कक्षा | विद्यालय का नाम /पूरा पता मय ई–मेल पता/ मोबाईल नं | विद्यार्थी के घर का पता/ ई–मेल पता एवं मोबाईल नं. | आईडिया / मॉडल का संक्षिप्त विवरण | विद्यार्थी के हस्ताक्षर | विद्यार्थी की रंगीन फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

- राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी (SLEPC) के सम्पन्न हो जाने के पश्चात् व्यय विवरण पत्रक, प्रदर्शनी के पांच समेकित फोटोग्राफ, प्रतिभागी विद्यार्थियों के पंजीकरण रजिस्टर की फोटो प्रति, उपस्थिति मय हस्ताक्षर इस कार्यालय को 05 दिवस में उपलब्ध करवाएंगे।(व्यय विवरण पत्र संलग्न)
- राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता (एसएलपीसी) आयोजन हेतु अधिकतम 2500 रू. प्रति विद्यार्थी बजट निर्धारित किया गया है।
- उक्त राशि राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता (एसएलपीसी) हेतु अग्रांकित मदों में व्यय किया जाना है।

1. राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में चयनित विद्यार्थियों को प्रदर्शनी स्थल तक आने व जाने का किराया सम्मिलित है।
2. सभी चयनित विद्यार्थियों के लिए प्रतिदिन आयोजन हेतु आवास, चाय, नाश्ता, भोजन की उत्तम व्यवस्था की जाए ।
3. प्रदर्शनी में भाग लेने वाले संभागी विद्यार्थियों के साथ–साथ प्रभारी अध्यापकों के भोजन एवं आवास की भी व्यवस्था की जाए।
4. विद्यार्थियों के आवास की विशेष व्यवस्था की जाए। जिसमें छात्र–छात्राओं को पृथक–पृथक भवनों में ठहराया जावे। जहां स्वच्छ शौचालय, स्नानागार तथा पर्याप्त साइज के कक्ष, गर्मी को देखते हुए पर्याप्त कूलर व शुद्ध व ठंडे पेयजल की व्यवस्था हो
5. प्रत्येक स्तर पर विद्यार्थियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएं।

6. आवास स्थल पर खाने व अल्पाहार के लिए साफ–सुथरी रसोई, भोजन कक्ष, व सफाई की व्यवस्था अच्छी हो।
7. सम्पूर्ण प्रदर्शनी की प्रतिदिन की विडीयोग्राफी और फोटोग्राफी करवाई जानी है।
8. बाहर से आने वाले व स्थानीय स्तर पर नियुक्त ज्यूरी सदस्यों को यात्रा व दैनिक भत्ता भी दिया जाना है तथा भोजन व आवास की व्यवस्था की जानी है।
9. प्रदर्शनी हेतु लाईट, स्टॉल, पर्दे, टेबल, कुर्सी, दरी आदि की समुचित व्यवस्था की जानी है जिससे विद्यार्थी अपने मॉडल अच्छी तरह प्रदर्शित कर सके।
10. आयोजन में काम आने वाली स्टेशनरी, प्रिंटिंग कार्य, फोटोकॉपी आदि पर व्यय एवं अन्य विविध व्यय भी इसी राशि में सम्मिलित है।
11. यदि चयनित विद्यार्थी दिव्यांग है तो विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक की भी भोजन एवं आवास की व्यवस्था की जाए।
12. यह सुनिश्चित करें कि आयोजन का समस्त व्यय प्रति विद्यार्थी अधिकतम आवंटित राशि के अनुसार ही करना है इससे अधिक व्यय का भुगतान किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जाएगा।

समस्त प्रकार के व्यय सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों एवं RTPP RULES 2013 एवं शासन द्वारा समय–समय में जारी निर्देशों एवं परिपत्रों के अनुसार निर्धारित सीमा में किया जावे।

**(सीताराम जाट)**
**IAS**
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि अग्रांकित को सूचनार्थ :–

1. संयुक्त सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार, नया मेहरोली मार्ग, नई दिल्ली।
2. राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान–भारत, अमरापुर, गांधीनगर, गुजरात।
3. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आशय के आदेश जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक (मुख्यालय) शिक्षा विभाग को प्रसारित करवाने की व्यवस्था करावें।
4. समस्त संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा)।
5. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, उदयपुर संभाग को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि इंस्पायर अवार्ड की उक्त प्रदर्शनी की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए सफल आयोजन सुनिश्चित करावें।
6. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, उदयपुर।
7. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय, उदयपुर को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

Signature Not Verified
Digitally Signed by SITA RAM JAT
Designation : Director
Date :25-04-2025 05:50:21